दैनिक
न्याय साक्षी

छत्तीसगढ़-प्रादेशिक
सेहत-वास्तु-फीचर

रायगढ़, मंगलवार 09 जुलाई 2019
www.nyaysakshi.com


## महत्वपूर्ण एवं खास

### 277 लापरवाह वाहन चालकों के लाइसेंस निरस्त

रायपुर (आरएनएस)। राजधानी रायपुर की यातायात व्यवस्था को दुरुस्त करने तथा लापरवाह वाहन चालकों के खिलाफ यातायात विभाग द्वारा बरती जा रही सख्ती का ही असर है कि परिवहन विभाग ने करीब 277 वाहन चालकों का लाइसेंस निरस्त कर दिया है। डीएसपी यातायात कार्यालय से जुड़े सूत्रों ने बताया कि राजधानी की सड़कों पर लगातार यातायात नियमों की अनदेखी करने वाले वाहन चालकों की संख्या बढ़ रही है। ऐसे चालकों पर सख्त कार्रवाई की जा रही है। जिन वाहन चालकों के लाइसेंस निरस्त किए गए हैं, वे वाहन चलाते पाए गए तो उनके खिलाफ अपराध दर्ज होगा। राजधानी में सबसे अधिक जून में 180 लापरवाह वाहन चालकों का ड्राइविंग लाइसेंस निरस्त करने का प्रस्ताव बनाकर यातायात पुलिस ने परिवहन कार्यालय को भेजा था। पुलिस की इस कार्रवाई से वाहन चालकों में हड़कंप मचा हुआ है।

### रक्षा बंधन के लिए सजने लगा राखियों का थोक बाजार

रायपुर (आरएनएस)। रक्षा बंधन पर्व के लिए अभी से राखियों का थोक बाजार सजने लगा है। जिसके चलते गोलबाजार में त्यौहार का वातावरण अभी से बन गया है। रक्षा बंधन पर्व 15 अगस्त को पूरे देशभर में मनाया जाएगा। रक्षा बंधन पर्व को भले ही एक माह से अधिक समय बचा है लेकिन राजधानी रायपुर में रक्षा बंधन पर्व के लिए अभी से राखियों का थोक बाजार सजने लगे है। गोलबाजार में चिकनी मंदिर गली, बंजारी चौक से लेकर रविभवन तक राखियों की थोक दुकानें अभी से सजनी शुरू हो चुकी है। छत्तीसगढ़ के अलावा ओड़िशा राज्य के कई क्षेत्रों से राखियों के चिल्हर कारोबारी राखियां खरीदने के लिए रायपुर पहुंचने भी लगे है। राखी के थोक कारोबारियो ने बताया कि राखी का थोक व्यापार रक्षा बंधन पर्व की तारीख से एक माह पूर्व ही शुरू हो जाता है। इसे देखते हुए वे त्यौहार के एक माह पहले ही राखियों की दुकानें सजा लेते है। उन्होंने बताया कि चूंकि छग के अलावा प्रदेश के दूसरे जिलों के अलावा ओड़िशा राज्य के कई शहरों से भी छोटे व्यापारी राखी खरीदी करने के लिए रायपुर आते है इसलिए उन्हें दुकानें एक माह पहले ही सजाकर रखना पड़ता है।

### कार की ठोकर से बाइक सवार दो मासूम हुए घायल, रिपोर्ट दर्ज

रायपुर (आरएनएस)। तेज रफ्तार कार की ठोकर से दो मासूमों के घायल हो जाने की रिपोर्ट तेलीबांधा थाने में दर्ज की गई। मिली जानकारी के अनुसार बाजार चौक भाठागांव,रायपुर निवासी दुर्गेश ध्रुव 29 वर्ष पिता मनोरथ ध्रुव ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि रविवार को अपने पत्नी व दो बच्चों के साथ रथयात्रा मनाने मेरा गृहग्राम मोखला थाना आरंग जिला रायपुर अपनी मोटर सायकल क्रमांक सीजी/04/एमके/5819 गया था वहां से रविवार को आते समय पत्नी व बच्चों के साथ मोटर सायकल से रायपुर भांठागांव जा रहा था अग्रसेन धाम चौक के पास तेज रफ्तार कार क्रमांक सीजी/04/केटी/6300 के चालक ने मोटर सायकल को टक्कर मार दिया जिसके चलते मेरे दोनो नीचे गिर गये एक्सीडेंट करने से मेरा पुत्र हिमांशु उम्र 4 वर्ष तथा पुत्री कु0 हुमेश उम्र 2.5 साल को चोटे आई है तथा मेरा वाहन क्षतिग्रस्त हो गया है। घटना की रिपोर्ट पर कार चालक के खिलाफ धारा 279, 337 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर लिया है।

### करोड़ों की लागत की डामर रोड पहले बरसात के पानी में भेंट चढ़ी

नगरी (आरएनएस)। करोड़ों की लागत से बनी ग्राम पंचायत डोंगाडुला से राजपुर पहुंच मार्ग प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत डोंगाडुला से राजपुर पहुंच मार्ग लंबाई 8.07 किलोमीटर 109 .11 लाखों रुपए की लाखों रुपए 10 मई 2018 को कार्य एजेंसी धमतरी ठेकेदार मिलन कुमार राणा धमतरी द्वारा निर्माण किया गया है शासन के नियमानुसार ठेकेदार द्वारा 5 वर्ष की गारंटी दिया था लेकिन 6 महीना में ही डामरीकरण रोड जगह जगह गड्ढे होकर खराब हो गया है ग्राम वासियों का कहना है कि घटिया किस्म का मटेरियल डाला गया था जिसके कारण एक ही बरसात के पास में रोड कई जगह टूट गया है इस कार्य के की क्रियान्वयन विभाग पंचायत एवं ग्रामीण विकास छत्तीसगढ़ शासन है ग्राम वासियों को डोंगला से राजपुत जाने में बड़ी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है आने जाने में परेशानी होता है ग्राम वासियों ने कहा है कि जल्दी इसकी सुधार नहीं की जाती है तो शासन के उच्च अधिकारियों के पास शिकायत की जाएगी इसी तरह सिहावा क्षेत्र में कई पंचायत के पहुंच मार्ग प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत बनी रोडों की हालत समय से पहले जर्जर हो गया है जिसे तत्काल विभाग द्वारा जांच का विषय है ।

# सीएम की माता बिंदेश्वरी पंचतत्व में विलीन

**»- एमपी के सीएम कमलनाथ, पूर्व सीएम दिग्विजय सिंह हुए अंतिम यात्रा में शामिल »- प्रदेश कांग्रेस-भाजपा के दिग्गज नेताओं के साथ ही सैकड़ों गणमान्य नागरिक हुए शामिल**

भिलाई तीन-रायपुर (आरएनएस)। राज्य के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की माता बिंदेश्वरी बघेल की अंतिम यात्रा आज उनके भिलाई-3 आवास से निकली। अंतिम यात्रा मुक्ति धाम उम्दा रोड भिलाई 3 पहुंची। जहां उनका अंतिम संस्कार किया गया। अंतिम यात्रा में कांग्रेस के दिग्गज नेताओं के साथ ही मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री कमलनाथ, पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह के साथ ही प्रदेश

भाजपा के दिग्गज नेता और पूर्व सीएम डॉ. रमन सिंह भी शामिल हुए। अंतिम यात्रा में महिला बाल विकास मंत्री अनिला भेंड़िया, मंत्री कवासी लखमा, नेता प्रतिपक्ष धरमलाल कौशिक, प्रदेश भाजपा अध्यक्ष विक्रम उसेंडी, एडीजी अशोक जुनेजा, छत्तीसगढ़ प्रान्त संघचालक विसराराम यादव, वैशाली नगर विधायक विद्यारतन भसीन, रायपुर आईजी आनन्द छबड़ा सहित कई गणमान्य लोग शामिल हैं।

## अंतिम यात्रा में उमड़ा जनसैलाब, कांग्रेस, भाजपा के दिग्गज नेताओं के साथ ही सैकड़ों गणमान्य नागरिक हुए शामिल

राज्य के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की माता बिंदेश्वरी बघेल की अंतिम यात्रा आज उनके भिलाई-3 आवास से निकली। अंतिम यात्रा मुक्ति धाम उम्दा रोड भिलाई 3 पहुंचेगी।

जहां उनका अंतिम संस्कार किया जाएगा। अंतिम यात्रा में कांग्रेस के दिग्गज नेताओं के साथ ही भाजपा के दिग्गज नेता और पूर्व सीएम डॉ. रमन सिंह

भी शामिल हुए।

अंतिम यात्रा में महिला बाल विकास मंत्री अनिला भेंड़िया, मंत्री कवासी लखमा, नेता प्रतिपक्ष धरमलाल कौशिक, प्रदेश अध्यक्ष विक्रम उसेंडी, एडीजी अशोक जुनेजा, छत्तीसगढ़ प्रान्त संघचालक विसराराम यादव, वैशाली नगर विधायक विद्यारतन भसीन, रायपुर आईजी आनन्द छबड़ा सहित कई गणमान्य लोग शामिल हैं।

## छग कामधेनु विवि की शेष 33 सीटों के लिए काउंसिलिंग 11, 12 जुलाई को

रायपुर (आरएनएस)। छग कामधेनु विश्वविद्यालय के पाठ्यक्रम में प्रवेश के लिए शेष 33 सीटों के लिए दूसरे चरण की काउंसिलिंग 11 जुलाई

12 जुलाई को आयोजित की गई है। दूसरे चरण में काउंसिलिंग के लिए आवेदन सुबह 8.30 बजे से दोपहर 12 बजे तक लिया जाएगा। काउंसिलिंग के लिए छात्रों को दसवीं, बारहवीं की अंकसूची, जाति प्रमाण पत्र, छग मूल निवास प्रमाण-पत्र, स्थानांतरण प्रमाण-पत्र, प्रव्रजन प्रमाण-पत्र, चरित्र प्रमाण-पत्र, गेप सर्टिफिकेट,आधार कार्ड,बैंक पासबुक, मेडिकल सर्टिफिकेट आदि साथ लेकर आने होंगे।

से दुग्ध विज्ञान और खाद्य प्रौद्योगिकी महाविद्यालय छोकरा नाला रायपुर में होगी। ये काउंसिलिंग दो दिन चलेगी।

ज्ञात हो कि छग कामधेनु विवि केपाठ्यक्रम में प्रवेश के लिए पहली काउंसिलिंग 3 जुलाई से प्रारंभ की गई थी। पहली काउंसिलिंग में 27 सीटों के लिए आवेदन मिल चुके है, वहीं शेष 33 सीटों के लिए दूसरी काउंसिलिंग

## हाथ-पैर बांधकर बोरा में भरकर फेंकी गई सब्जी विक्रेता की लाश





कोरबा (आरएनएस)। जटगा क्षेत्र में रविवार दोपहर तब सनसनी फैल गई जब दुर्गंधयुक्त बोरा को ग्रामीणों के सामने पुलिस ने खुलवाया। बोरा में एक ग्रामीण की हाथ-पैर बंधी अवस्था में लाश मिली। मृतक की पहचान उपरांत गुत्थी को सुलझाने में पुलिस जुट गई है।

जानकारी के अनुसार कटघोरा थाना क्षेत्र के जटगा पुलिस चौकी अंतर्गत ग्राम खोडरी निवासी शिवबालक श्रीवास 44 वर्ष की लाश रविवार दोपहर बोरे में हाथ-पैर बंधे हालत में मिली। दोपहर लगभग 3 बजे गांव के कुछ बच्चे बनवार पुल के समीप खेलते-खेलते गए थे जहां पुल के नीचे बच्चों को एक भरा बोरा दिखा जिसमें से काफी दुर्गंध आ रही थी। बच्चों द्वारा वापस लौटकर इस बात की जानकारी अपने घरों में दी गई। उत्सुकतावश कुछ ग्रामीण जब बच्चों के बताए स्थान पर पहुँचे तब उन्हें बोरे में लाश होने की आशंका हुई। ग्राम कोटवार व सरपंच ने जटगा पुलिस चौकी में मामले की सूचना दी। सूचना उपरांत पहुँची पुलिस ने बोरे को खुलवाकर देखा तब भीतर रस्सी से हाथ-पैर बंधी लाश मिली। मृतक की पहचान शिवबालक के रूप में की गई है। लाश की स्थिति देखकर आशंका जताई गई है कि 3-4 दिन पूर्व हत्या कर बोरे में भरकर फेंका गया होगा। मृतक शिवबालक सब्जी बेचने का काम करता था। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया जिसकी रिपोर्ट में मौत का कारण स्पष्ट होगा। फिलहाल प्रारंभिक तौर पर मर्ग कायम करते हुए एवं हत्या का संदेह पर जांच-पड़ताल शुरू कर दी गई है।

## बस और मोटरसाइकिल में टक्कर, तीन की मौत

**» मुलमुला इलाके की घटना**

जांजगीर-चाम्पा (आरएनएस)। छत्तीसगढ़ के जांजगीर में हुए एक दर्दनाक सड़क हादसे में 3 दोस्तों की दर्दनाक मौत हो गयी। तीनो दोस्त एक साथ बाइक पर सवार होकर जा रहे थे। हादसा जांजगीर के मुलमुला इलाके में हुई, जहां युवकों की बाइक की बस से सीधी टक्कर हो गयी। मृतक दो युवक जिले के पामगढ़ के सिल्ही गांव और तीसरा युवक मस्तूरी के रिसदा गांव का रहने वाला था।

तीनों युवकों के शव का पोस्टमार्टम पामगढ़ अस्पताल में किया गया. मामले में आरोपी ड्राइवर को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है और यात्री बस को भी जब्त किया गया है। हादसा देर रात का बताया जा रहा है। बताया जा रहा है कि तीनों युवक बिलासपुर से देर रात को लौट रहे थे, तभी मुलमुला के पास ओड़िशा से बिलासपुर जा रही यात्री बस ने बाइक सवार युवकों को चपेट में ले लिया।

हादसे में 2 युवकों ने मौके पर दम तोड़ दिया, वहीं एक युवक की पामगढ़ अस्पताल ले जाते मौत हो गई. तीन दोस्तों की मौत के बाद मृतकों के परिवार के लोग सदमे में हैं. टक्कर इतनी जोरदार थी कि बस का अगला हिस्सा तो क्षतिग्रस्त हो गया, तो वहीं बाइक का भी अगला हिस्सा चकनाचूर हो गया।

## ड्यूटी के कार्य घंटे निर्धारित नहीं होने पर महिलाओं को हो रही परेशानी

**» निजी एवं शासकीय क्षेत्रों में देररात तक हो रहा काम**

रायपुर (आरएनएस)। अनाचार की बढ़ती घटनाओं के मद्देनजर सुप्रीम कोर्ट द्वारा विशाखा गाइड लाइन का निर्माण किया गया था। जिसमें अधिवक्ता दीपाली पाण्डेय हाईकोर्ट बिलासपुर के अनुसार साफ-साफ शब्दों में कहा गया है कि कामकाजी युवतियों/महिलाओं से किसी भी दशा में शाम 5:30 के बाद कार्य न लिया जाये। बावजूद इसके निजी एवं शासकीय क्षेत्रों में देर रात तक महिलाओं एवं युवतियों को रोककर काम लिया जा रहा है यह आपत्तिजनक है एवं सुप्रीम कोर्ट द्वारा दिये गये निर्णय की अवमानना है।

अधिवक्ता पाण्डेय के अनुसार राज्य बनने के 19 वर्षों के बाद जहां शहर एवं ग्रामीण क्षेत्रों में विभिन्न कंपनियों द्वारा रोजगार के अवसर उपलब्ध कराये गये है। वहीं शासकीय अधिकारियों एवं निजी कंपनी के नियोक्ताओं द्वारा युवतियों एवं महिलाओं की सुरक्षा के लिए कारगर कदम अब तक नहीं उठाये गये है। हाईकोर्ट के अन्य वरिष्ठ अधिवक्ता एच.सी. शुक्ला के अनुसार अपराधों में हो रही वृद्धि को देखते हुए एवं पुलिस बल की कमी को ध्यान में रखकर महिलाओं एवं युवतियों को शाम 5:30 बजे ड्यूटी से छोड़ा जाना जरुरी है। शुक्ला के अनुसार पुलिस बल प्रति महिला अथवा युवती को किसी भी स्थान पर अचानक घटने वाले अपराध में सुरक्षा मुहैय्या कराने में असमर्थ है।

## सीएसपी ने घेराबंदी कर पकड़ा लाखों का कबाड़

कोरबा (आरएनएस)। कोरबा का कबाड़ कनकी के रास्ते पंतोरा होकर चांपा जिला ले जाकर खपाने से पहले सीएसपी ने मिली एक सूचना पर घेराबंदी करते हुए लाखों का कबाड़ वाहन सहित जब्त किया है। एक माजदा और ट्रक को जांच पड़ताल के लिए उरगा थाना में खड़ा करा दिया गया है। कोरबा जिले में कबाड़ का कारोबार पिछले डेढ़ वर्ष से घोषित तौर पर बंद होने के बाद भी अघोषित तरीके से इसका काम सांठ-गांठ पूर्वक संचालित होता आ रहा है। पिछले दिनों हमने प्रमुखता से यह खबर भी प्रकाशित की थी कि कोरबा जिले का कीमती कबाड़ पश्चिमांचल के एक कबाड़ी द्वारा कोरबा व जांजगीर-चांपा जिले की सीमा ग्राम पंतोरा में दुकान खोलकर खपाने का काम किया जा रहा है।

## छत्तीसगढ़ देवांगन युवा शक्ति के द्वारा 10वी 12वी के प्रतिभावान छात्र छात्रों का किया सम्मान समारोह का आयोजन

**» प्रतिभावान सैकड़ों छात्र छात्राों को सिल्वर मेडल, मोमेंटो प्रमाण पत्र से किया गया सम्मानित**

**» रिटायर प्रशासनिक अधिकारी कर्मचारीयो का सम्मान**

रायपुर (आरएनएस)। देवांगन युवाशक्ति के तत्वधान आज के प्रतिभा सम्मान समारोह कार्यक्रम का आयोजन आज राजधानी रायपुर के वृंदावन हाल, सिवल लाइन रायपुर रखा गया

जिसमें पिछले शिक्षण सत्र में मैरिड लिस्ट मे उत्तीर्ण 10 वी ,12 वी के छात्र छात्रोंको सिल्वर मेडल और प्रमाणपत्र भेट कर सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम में प्रमुख रूप से देवांगन समाज के राष्ट्रीयउपाध्यक्ष महेश देवांगन ईश्वर देवांगन, जिलाध्यक्ष देवांगन समाज रायपुर, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष रामगोपाल देवांगन, पूर्व महापौर बिरगांव ओमप्रकाश देवांगन, धनेश देवांगन, गजेन्द्र देवांगन, आयोजनकर्ता संतराम देवांगन, चन्दू देवांगन, मनोहर देवांगन, खिलेश देवांगन, शैलेन्द्र देवांगन, श्रीकांत देवांगन, दिनेश देवांगन, संजू देवांगन, रूपेश देवांगन, राज देवांगन, तरुण देवांगन, सतनारायण देवांगन, थैलेन्द्र देवांगन, दीनबंधु

देवांगन, छत्तीसगढ़ देवांगन युवा शक्ति के हित प्रदेश भर से देवांगन समाज पुरुष, महिला,बच्चे सैकड़ो की संख्यामें लोग मौजूद रहे।

## क्रिकेटर मिताली राज के किरदार में दिखेंगी तापसी पन्नू?

तापसी पन्नू को इस समय बॉलीवुड की बेहतरीन एक्ट्रेस माना जाता है। तापसी आजकल हर जॉनर की फिल्में कर रही हैं। अब ऐसी खबर आ रही है कि तापसी जल्द ही भारतीय महिला क्रिकेट टीम की पूर्व कप्तान

मिताली राज की बायोपिक में उनका किरदार निभा सकती हैं। अगर ऐसा होता है तो यह दूसरी बार होगा जबकि तापसी एक खिलाड़ी के रोल में दिखेंगी। इससे पहले वह दिलजीत दोसांझ की सूरमा में हॉकी प्लेयर के रोल में दिखाई दी थीं।

एक रिपोर्ट के मुताबिक, सूत्रों ने बताया है कि मिताली के रोल के लिए तापसी को शॉर्ट लिस्ट कर लिया गया है। हालांकि अभी तक इसका ऑफिशल अनाउंसमेंट नहीं हुआ है। बताया जा रहा है कि अभी तक डायरेक्टर का चुनाव नहीं किया गया है और फिल्म की स्क्रिप्ट लिखी जा रही है।

इससे पहले भी एक इंटरव्यू में तापसी से मिताली राज की बायोपिक के बारे में पूछा गया था। तब भी तापसी ने कहा था कि अगर यह फिल्म उन्हें ऑफर की जाती है तो वह इस किरदार को खुशी से निभाना चाहेंगी। तापसी ने स्पोर्ट्स बायोपिक में काम करने की भी इच्छा जताई थी।

बता दें कि मिताली राज भारत की एक मात्र महिला क्रिकेटर हैं जिन्होंने वनडे इंटरनैशनल क्रिकेट में 6 हजार से ज्यादा रन बनाए हैं, जिसमें उनके 7 शतक और 52 अर्धशतक शामिल हैं। हाल में इंटरनैशनल क्रिकेट में मिताली ने 20 साल पूरे किए हैं। मिताली के रोल में तापसी को देखना दिलचस्प होगा।

## कम्फर्ट जोन से बाहर निकलना चाहते हैं रणबीर कपूर

रणबीर कपूर बॉलीवुड के टैलेंटेड ऐक्टर्स में से एक हैं। रणबीर ने फिल्मों में अपनी शानदार ऐक्टिंग से लोगों का ध्यान खींचा है। अब ऐसी खबरें आ रही हैं कि रणबीर कम्फर्ट जोन से बाहर आना चाहते हैं। डायरेक्टर संजय लीला भंसाली की फिल्म सांवरिया से अपने फिल्मी करियर की शुरुआत करने वाले रणबीर कपूर ने कई हिट फिल्में दी हैं। डायरेक्टर अयान मुखर्जी की वेक अप सिड, ये जवानी ये दीवानी जैसी हिट फिल्मों में काम करने वाले रणबीर कपूर इस समय अब उनकी अगली फिल्म ब्रह्मास्त्र में काम कर रहे हैं। सूत्रों के मुताबिक, रणबीर कपूर अब कॉन्टेंट बेस्ड फिल्में करना चाह रहे हैं। एक रिपोर्ट के अनुसार, रणबीर कपूर के फिल्में बड़े बजट की आ रही हैं लेकिन वह अब अपने कम्फर्ट जोन से बाहर निकलना चाहते हैं। इसके अलावा ऐसी भी रिपोर्ट हैं कि रणबीर कपूर ब्रह्मास्त्र, शमशेरा और डायरेक्टर लव रंजन की अगली फिल्म में अजय देवगन के साथ काम करने के बाद एक अच्छी स्क्रिप्ट की तलाश में हैं।

## बच्चे को जिम्मेदार बनाएगा आपका प्यारा डॉगी

कहते हैं कि हम जैसे लोगों के साथ रहते हैं वैसा ही हमारा व्यवहार बनने लगता है। जहां अब बच्चों में अनुशासन की बेहद कमी होने लगी है, वहीं आपके बच्चे को लाइफ के प्रति एक बेहतर नजरिया देने के लिए पेट पैरेंट बनना काफी हेल्पफुल हो सकता है। बहुत सी चीजें जो हम अपने बच्चे को सिखाना चाहते हैं, वह आपका पेट उसे सिखा देता है। ऐसे में हम आपको बता रहे हैं, कैसे आपका पेट पैरेंट बनना, आपके बच्चे को जिम्मेदार, सामाजिक और ऐक्टिव बना सकता है।

आजकल के समय में बच्चों में अनुशासन की बेहद कमी है। समाज में बदलाव के साथ बच्चों के व्यवहार में काफी फर्क आया है। अगर आपको लगता है कि आपका बच्चा जिद्दी बन रहा है, समय से काम नहीं कर रहा या उसे लोगों से घुलने-

मिलने में दिक्कत होती है, तो आपको पेट पैरेंट बनने की जरूरत है...

पेट पैरेंट बनने पर घर के बच्चों पर पड़ने वाले असर के बारे में पेट एक्सपर्ट स्वाति टंडन बताती हैं, %बच्चों के लिए घर पर पेट रहना बेहद जरूरी है, खासतौर पर सिंगल बच्चों के लिए जो पेट के साथ बड़े होते हैं, उनकी इम्यूनिटी नॉर्मल बच्चों से ज्यादा होती है। आजकल हर कोई बच्चे के लिए ही काम कर रहा है, लेकिन बच्चे पर कोई जिम्मेदारी नहीं देता। ऐसे में एक वक्त के बाद वह सेल्फिश होने लगते हैं। अगर आप इस इको सिस्टम में पेट्स को शामिल कर देते हैं, तो बच्चा जिम्मेदारी सीखता है।

आपने देखा होगा कि कई बच्चे जानवरों को खेल-खेल में उन्हें मारने लगते हैं। ऐसे में बड़े होने पर उनका जानवरों के प्रति व्यवहार आक्रामक बना रहता है। सबसे जरूरी है बच्चे का व्यवहार हर जानवर के लिए अच्छा हो और वह प्रकृति की बनाई हर चीज को प्यार करें। ऐसे में अगर आपका बच्चा छोटा है, तो आपको एक पेट जरूर पालना चाहिए।